दिन– शुक्रवार | दिनांक– 12/12/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने नवगठित तीन विभागों के लिए कामों का बंटवारा किया। मंत्रिमंडल सचिवालय ने जारी की अधिसूचना।

02. प्रदेश में आयोजित पहली उद्योग वार्ता में बत्तीस निवेशकों ने दिया निवेश का प्रस्ताव। अस्पताल, शिक्षा और गन्ना आधारित उद्योगों में दिखाई रूचि।

03. केंद्र सरकार ने कहा – पंद्रहवें वित्त आयोग की सिफारिश पर बिहार को ग्यारह हजार आठ सौ छह करोड़ रुपये की राशि दी गयी।

04. और, तेज पछुआ हवा के कारण प्रदेश के विभिन्न भागों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट जारी।

---

राज्य सरकार ने नवगठित तीन विभागों के लिए कामों का निर्धारण कर दिया है। मंत्रिमंडल सचिवालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। नवगठित युवा रोजगार और कौशल विकास विभाग के जिम्मे उन्नीस दायित्व सौंपे गए हैं, जिसमें रोजगार और कौशल बढ़ाने के लिए योजनाओं का निर्माण शामिल है। इसके अलावा उच्च शिक्षा विभाग के जिम्मे सत्रह और सिविल विमानन विभाग के जिम्मे नौ कार्य सौंपे गए हैं। इस संबंध में समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने कहा कि नये विभागों के बीच कार्यों के बंटवारे से विकास कार्य में तेजी आएगी।

———बाइट———

---

मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने उद्योग वार्ता के दौरान पटना में बत्तीस निवेशकों से मुलाकात की और उनकी निवेश योजनाओं पर बातचीत की। इस दौरान भारी वाहन निर्माता कंपनी अशोक ली–लैंड ने इलेक्ट्रीक बसों की मैन्युफैक्चरिंग इकाई लगाने का प्रस्ताव दिया है, जबकि कोका कोला कंपनी ने भी प्रदेश में नया प्लांट लगाने की इच्छा जाहिर की है। बैठक में दूध और डेयरी उत्पाद संबंधि उद्योग, बिहार फिल्म सिटी निवेश, उच्च स्तरीय शिक्षण संस्थान, मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, लेदर प्रोडक्ट और गन्ना आधारित उद्योगों से जुड़े प्रस्ताव निवेशकों ने रखें। इनमें से अधिकतर प्रस्तावक बिहार के मूल निवासी हैं, जो अन्य प्रदेशों में भी अपना उद्यम संचालित कर रहे हैं। इस दौरान

निवेशकों ने आयात–निर्यात प्रक्रिया को सरल बनाने और सिंगल विंडो सिस्टम को प्रभावी बनाने की मांग भी की। बैठक में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा कि सरकार निवेशकों को हर संभव सहायता देगी।

---

केंद्रीय पंचायतीराज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा है कि प्रदेश को पिछले तीन साल में पंद्रहवें वित्त आयोग की सिफारिश के आधार पर ग्यारह हजार आठ सौ छह करोड़ रुपये की राशि अनुदान के रूप में मिली है। उन्होंने राज्यसभा में भीम सिंह के सवाल के जवाब में कहा कि इस राशि का उपयोग पेयजल, स्वच्छता, सड़क मरम्मत, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और सार्वजनिक भवनों का निर्माण जैसे कार्यों के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ई–ग्राम स्वराज पोर्टल के माध्यम से पंचायतों की योजनाओं, व्यय, प्रगति और वित्तीय लेन–देन की रियल टाईम निगरानी की जा रही है।

---

पंचायती राज विभाग की योजनाओं की जिलास्तर पर समीक्षा की जायेगी। समीक्षा बैठक की आज रोहतास से शुरूआत होगी। पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने बताया कि वे स्वयं हर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में मुख्यालय और संबंधित जिलों के अधिकारी भी शामिल होंगे।

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान से मातृ–मृत्यु दर में कमी आई है। श्री पांडेय ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि फिलहाल प्रदेश में सात सौ दो अस्पतालों में इस अभियान का संचालन किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व गुणवत्तापूर्ण सुविधाओं का विस्तार प्रदेश भर में किया जा रहा है। इसका लाभ महिलाओं को हो रहा है।

---

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से नई दिल्ली में मुलाकात की और उनसे प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत बकाया चार हजार चार सौ इक्यानवे करोड़ रुपये जारी करने का आग्रह किया। इस दौरान श्री चौहान ने इस राशि को जल्द ही जारी करने का भरोसा दिया है। श्रवण

कुमार ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भी मुलाकात की और राज्य की सड़क परिवहन से जुड़ी योजनाओं की चर्चा की। इस दौरान श्री गडकरी ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य की सड़क योजनाओं के लिए हर संभव मदद करेगा।

---

नगर विकास और आवास मंत्री नितिन नबीन ने कहा है कि पटना शहर में पच्चीस जगहों को चिन्हित कर वेंडिंग जोन बनाया जाएगा। उन्होंने पटना नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि शहर में जल निकासी, जलापूर्ति, सिवरेज नेटवर्क की जीआईएस मैपिंग कराई जाएगी। इस दौरान श्री नबीन ने सफाई व्यवस्था, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, नालों की सफाई, जल निकासी की व्यवस्था और स्वच्छता से जुड़े सूचकों की जानकारी भी ली।

---

उप मुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि अवैध बालू खनन तंत्र में शामिल किसी भी व्यक्ति या पुलिस पदाधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पटना में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को विशेष अभियान के तहत संवेदनशील स्थानों की पहचान कर छापेमारी करने का निर्देश दिया गया है। श्री सिन्हा ने कहा कि बिना नम्बर प्लेट वाले वाहनों की आवाजाही होने पर अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि गृह विभाग को इस मामले में विशेष रूप से सक्रिय भूमिका निभाने और पुलिस की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

---

इधर, आर्थिक अपराध इकाई ने बालू और भूमि माफिया के खिलाफ कार्रवाई के लिए विशेष कार्यबल, एसटीएफ का गठन किया है। इसका नेतृत्व डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लो करेंगे। कार्यबल में एसपी स्तर के एक और डीएसपी स्तर के चार अधिकारियों के साथ पांच पुलिस इंस्पेक्टर शामिल किये गये हैं। नवगठित एसटीएफ विभिन्न जिलों में बालू और भूमि के अवैध कारोबार से जुड़े नेटवर्क की पड़ताल करेगी। साथ ही ऐसे कारोबार से अर्जित की गयी सम्पत्ति को भी जब्त किया जायेगा।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीती रात नई दिल्ली में अपने आवास पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एन.डी.ए. के सांसदों के लिए विशेष रात्रिभोज का आयोजन किया।

सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि एन.डी.ए. देश के विकास, सुशासन और क्षेत्रीय आकांक्षाओं के प्रति एकजुट है। श्री मोदी ने कहा कि एनडीए गठबंधन देश के विकास के लिए मिलकर काम करना जारी रखेगा।

---

पटना में देश का पहला ऊर्जा संग्रहालय बनेगा। मुख्यमंत्री के सलाहकार और बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रस्तावित ऊर्जा संग्रहालय परियोजना की बैठकमें इस संबंध में प्रस्ताव पारित हुआ है। बैठक में विभाग के सचिव मनोज कुमार सिंह और प्रबंधन निदेशक राहुल कुमार मौजूद थे। इस दौरान अधिकारियों ने परियोजना को लेकर प्रजेंटेशन भी दिया। बैठक में ऊर्जा संग्रहालय परियोजना की अवधि, एजेंसी की योग्यता और चयन को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

---

बिहार सरस मेले का आयोजन आज से पटना के गांधी मैदान में होगा। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार मेले का उद्‌घाटन करेंगे। यह मेला अट्‌ठाईस दिसम्बर तक चलेगा। मेले में पच्चीस राज्यों की आजीविका समूह से जुड़ी महिलाएं भाग लेंगी। मेले में हस्तशिल्प, लोककला और देसी व्यंजनों को लेकर प्रदर्शनी सह बिक्री स्टॉल लगाये जायेंगे।

---

तेज पछुआ हवा के कारण प्रदेश के विभिन्न भागों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। मौमस पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। वहीं, अधिकतर स्थानों पर सुबह और शाम के समय हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाये रहने की संभावना है।

———बाइट———

इधर, मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान आठ दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान औसतन नौ से तेरह डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया।

---

पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में खेले गए कूच बिहार ट्रॉफी के एलीट ग्रुप मुकाबले में बिहार और हरियाणा के बीच मुकाबला ड्रा समाप्त हुआ। हरियाणा ने पहली पारी में पांच सौ इकतालीस रन का विशाल स्कोर बनाया। बिहार की पूरी टीम पहली पारी में चार सौ तीस रन ही बना पायी, जबकि दूसरी पारी में हरियाणा ने मैच की समाप्ति तक दो विकेट के नुकसान पर नब्बे रन बनाया। पहली पारी में बड़ी बढ़त के आधार पर हरियाणा को तीन अंक मिले, जबकि बिहार को केवल एक अंक से ही संतोष करना पड़ा।

---

नीति आयोग ने कहा है कि विकसित भारत के दृष्टिकोण के लिए बड़े पैमाने पर दीर्घकालिक पूंजी जुटाने में सक्षम एक मजबूत और विविध वित्तीय व्यवस्था की आवश्यकता है। आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम ने नई दिल्ली में भारत में कॉर्पोरेट बॉन्ड बाजार को मजबूत करने पर रिपोर्ट जारी की। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में वैश्विक बाजारों के साथ तुलनात्मक विश्लेषण भी शामिल है। इसमें संरचनात्मक कमियों को उजागर किया गया है और कानूनी, नियामक और बाजार अवसंरचना ढांचे को मजबूत करने के लिए लक्षित सिफारिशें दी गई हैं।

---

जल शक्ति मंत्रालय ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल योजना के कार्यान्वयन को सुदृढ़ करने के लिए जिला अधिकारियों के साथ पेयजल संवाद का चौथा संस्करण आयोजित किया। केंद्रीय पेयजल और स्वच्छता विभाग के सचिव अशोक के.के. मीना ने वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए तीन प्रमुख प्राथमिकताओं की चर्चा की। बैठक के दौरान राष्ट्रीय जल जीवन मिशन की उप सचिव अंकिता चक्रवर्ती ने कहा कि जल अर्पण दिवस सरकार की ओर से एक घोषणा है, जिसका उद्देश्य समुदायों को उनके जल संसाधनों से जोड़ना है।

---

मुंगेर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलवा दियारा के बिंदटोली में छापेमारी कर पुलिस ने एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मौके से तीन देशी पिस्तौल, कई अर्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरण बरामद किये गये हैं।

---

सीतामढ़ी जिले का चौवनवां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने हवाई अड्डा मैदान में आयोजित मुख्य समारोह का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों ने विकासात्मक प्रदर्शनी लगाई।

---

पटना जिले के मनेर थाना क्षेत्र अंतर्गत चलाए जा रहे अवैध बालू खनन ठिकानों पर पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। इधर, अररिया जिले में अवैध खनन के खिलाफ ताबड़तोड़ छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान बालू और मिट्टी के अवैध खनन स्थलों की पहचान कर खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई की गई।

---

अरवल के गांधी मैदान स्थित खेल भवन में राज्य स्तरीय तीन दिवसीय विद्यालय बालक योग प्रतियोगिता कल से शुरु हो गई। इसका उद्‌घाटन जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस ने किया।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – राज्य के नये तीन विभागों में काम बंटा, सचिव नियुक्त।

**दैनिक जागरण** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है – केसरिया स्तूप अमूल्य धरोहर, सुविधाओं को होगा विस्तार।

**दैनिक भास्कर** लिखता है – पुलिस लाईन में जातियों के आधार पर नहीं चलेंगे मेस, अब सभी एक साथ खाना खायेंगे।

**प्रभात खबर** ने निवेश वार्ता से जुड़ी खबर पर लिखा है – अशोक ली–लैंड बिहार में लगाएगी ई–बस की फैक्ट्री, नया कोका कोला प्लांट लगेगा।

**आज अखबार** की सुर्खी है – अलकतरा घोटाले में कार्यपालक अभियंता और ट्रांसपोर्टर को सजा। **राष्ट्रीय सहारा** ने एसआईआर पर लिखा है – पांच राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में एसआईआर की तिथियां दोबारा बढ़ाई गयी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य सरकार ने नवगठित तीन विभागों के लिए कामों का बंटवारा किया। मंत्रिमंडल सचिवालय ने जारी की अधिसूचना।

02. प्रदेश में आयोजित पहली उद्योग वार्ता में बत्तीस निवेशकों ने दिया निवेश का प्रस्ताव। अस्पताल, शिक्षा और गन्ना आधारित उद्योगों में दिखाई रूचि।

03. केंद्र सरकार ने कहा – पंद्रहवें वित्त आयोग की सिफारिश पर बिहार को ग्यारह हजार आठ सौ छह करोड़ रुपये की राशि दी गयी।

04. और, तेज पछुआ हवा के कारण प्रदेश के विभिन्न भागों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट जारी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।